भारत सरकार

विद्युत मंत्रालय

....

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या-4876

जिसका उत्तर 25 मार्च, 2021 को दिया जाना है।

स्मार्ट इलेक्ट्रिक मीटर

4876. श्री नरेन्द्र कुमार:

क्या **विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का विचार राजस्थान के झुंझुनू जिले में स्मार्ट इलेक्ट्रिक मीटर लगाने का है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) इन्हें कब तक लगाए जाने की सभावना है?

उत्तर

विद्युत और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्य मंत्री (श्री आर.के. सिंह)

(क) और (ख) : जी, हां। भारत सरकार ने अजमेर विद्युत वितरण निगम (एवीवीएन) द्वारा प्रस्तुत विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) के आधार पर एकीकृत विद्युत विकास स्कीम (आईपीडीएस) के अंतर्गत झुंझुनू जिले के लिए स्मार्ट मीटर संस्वीकृत किए हैं। एनर्जी एफिशिएंसी सर्विसेज लिमिटेड (ईईएसएल), विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम का एक संयुक्त उद्यम, राजस्थान के झुंझुनू जिले में परंपरागत मीटरों को स्मार्ट इलेक्ट्रिसिटी मीटरों से बदलने के लिए स्मार्ट मीटर कार्यक्रम का क्रियान्वयन कर रहा है।

झुंझुनू सर्किल का शहर-वार ब्यौरा जहां स्मार्ट मीटर संस्थापित किए जा रहे हैं (निविदा के अनुसार) निम्नानुसार है:

क्रम सं.	यूटिलिटी	शहर	सर्किल	संस्थापित किए जाने वाले मीटर
1	एवीवीएनएल	चिरावा	झुंझुनू	12,529
2	एवीवीएनएल	खेतड़ी	झुंझुनू	4,990
3	एवीवीएनएल	पिलानी एवं विद्या विहार	झुंझुनू	10,998
4	एवीवीएनएल	सूरजगढ़	झुंझुनू	4,740
5	एवीवीएनएल	उदयपुरवाटी	झुंझुनू	6,083
कुल				39,340

एवीवीएनएल में एनआईटी सं. टीएन-आईटी-28 के प्रति भारत सरकार की आईपीडीएस के अंतर्गत कैपेक्स-ओपेक्स आधारित बूट मॉडल के अंतर्गत डिजाइन, इंजीनियरिंग और 10 वर्षों तक प्रचालन एवं रख-रखाव (शुरू करने के लिए 2 वर्ष और परियोजना प्रबंधन के साथ व्यापक ओ एंड एम के लिए 8 वर्ष) सहित स्मार्ट मीटर/उन्नत मीटरिंग अवसंरचना के क्रियान्वयन के लिए मैसर्स ईईएसएल, नई दिल्ली को लेटर ऑफ अवार्ड (एलओए) दिया है।

(ग) : राजस्थान के झुंझुने जिले में स्मार्ट मीटरों की स्थापना के लिए समापन तारीख दिसंबर, 2021 है।

****